WELCOME
TO THE OFFICIAL PAGE OF
दिल्ली न्यूज़7
सकारात्मक सोच की नई पहल

सीईडी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा नेशनल टीचर्स कॉन्क्लेव एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

देश के अनेक शिक्षकों, प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविदों का इण्डिया इंटरनैशनल सेन्टर में हुआ भव्य सम्मान

नई दिल्ली (संवाददाता)।

सेन्टर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फांउडेशन ट्रस्ट (सी.ई.डी) के तत्वावधान में रविवार, 8 सितम्बर को इंडिया इंटरनैशनल सैंटर, नई दिल्ली में एकदिवसीय नेशनल टीचर्स कॉन्क्लेव एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2019 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद शरद यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात सभी अतिथियों का सम्मान सीईडी फाउंडेशन ट्रस्ट के फाउंडर एवं चेयरमैन डॉ प्रियदर्शी नायक एवं अन्य सदस्यों द्वारा पौधा एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर किया गया। समारोह के दौरान राष्ट्रीय सम्मान से पुरस्कृत डॉ. धीरज मेहरोत्रा द्वारा शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से अवगत कराया गया। उन्होंने लघु नाटिका के द्वारा यह समझाने का प्रयास किया कि किस प्रकार अभिभावकों, शिक्षकों एवं बच्चों को एक-दूसरे की भावना को समझते हुए आपस में सामजस्य बिठाना है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. देव स्वरूप ने कहा–अब समय आ गया है कि दसवीं एवं 12वीं तक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को ज्यादा से ज्यादा स्नातक एवं परास्नातक तक की शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अनुपात बहुत कम है। राज्यसभा सांसद शरद यादव ने कहा कि आज देश में दो प्रकार की शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने शिक्षाविदों व सरकार से आग्रह किया कि सरकारी स्कूलों को जहां मजबूत करने की जरूरत है, वहीं सरकार प्राइवेट स्कूलों पर बढ़ते कागजी दबाव को भी कम करे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भावना गौड़ (आम आदमी पार्टी) ने भी शिक्षण संस्थानों को मजबूती प्रदान करने की बात कही तथा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से पुस्कृत सभी व्यक्तियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। सीईडी फाउंडेशन ट्रस्ट के फाउंडर एवं चेयरमैन डॉ. प्रियदर्शी नायक ने सभी अतिथियों एवं देशभर से आए शिक्षकों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षाविदों का आभार प्रकट करते हुए सीईडी फाउंडेशन ट्रस्ट की गतिविधियों एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर दून पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।